Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-05-2007

Participants : Mohale Shri Punnulal

Title: Need to give sanction for construction of railway line from Bilaspur to Mandla in Chhatishgarh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, निवेदन है कि छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बिलासपुर से मंडला तक रेलवे लाइन का कार्य कई व-र्ों तक होता रहा। सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है और प्लानिंग कमीशन को भेजा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से वहां के अनुसूचित जाति ए वं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिये नई रेल लाइन का होना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और बिलासपुर मंडला से सीधे जुड़ जाएगी। इस सर्वे के बाद, स्वीकृति होने पर, उक्त मार्ग के बनने से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा तथा लोगों को उद्योग-धंधे लगाने में सहायता मिलेगी और बिलासपुर रेलवे जोन, डोलमाइट खनिज पदार्थ, बैलाडीला की खनिज सम्पदा कोयला की अपार सम्पदा का लाभ उठाया जा सकता है और छत्तीसगढ़ में हीरे की खदान है। उसके अलावा अभ्रक एवं अन्य खनिजों की भी खदान है जिसमें लोगों को रोजगार मिलेगा और रेलवे को फायदा होगा।

अतः अनुरोध है कि बिलासपुर से मंडला रेल लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की जाये।